**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# THE TRIBUNE

## Avoid single-use plastic, pupils told

**FARIDABAD, JULY 13**

The VC of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, Prof Sushil Kumar Tomar, urged students to take a pledge to eliminate the use of single-use plastic from their lifestyle. Addressing a programme, as part of a month-long plantation campaign, he said the university was planning to make it mandatory for students to plant five saplings and take care of it till the end of their course. — TNS

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# AAJ SAMAJ

कार्यक्रम

**परिवार का प्रत्येक सदस्य कम से कम एक पेड़ लगाए : श्री कृष्ण सिंघल**

## सिंगल यूज प्लास्टिक को जीवन शैली से बाहर करें छात्रः कुलपति

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छात्रों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे जीवन शैली से पूर्णतः बाहर करने का आह्वान किया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लायेगा।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने कृष्ण सिंघल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता, श्री दीपक अग्रवाल और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सिंघल ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर लैगरस्ट्रोमिया का पौधा भी लगाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंघल ने शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी और कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है जिन्होंने साबित किया कि पौधों में जीवन होता है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. तोमर ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए पाठ्यक्रम के दौरान कम से कम पांच पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने को अनिवार्य बनाने की योजना पर काम कर रहा है, जिसमें छात्रों को उनके द्वारा रोपित और विकास पौधे के प्रमाण के रूप में उसकी जियोटैग तस्वीर एक रिपोर्ट के साथ जमा करनी होगी। इस पहल के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना है, जो समय की मांग है।



विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों विधायिका कृष्ण सिंघल। साथ में कुलपति प्रो एसके तोमर। आज समाज

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# PUNJAB KESARI

## परिवार का प्रत्येक सदस्य कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं



**फरीदाबाद,**(पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छात्रों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे जीवन शैली से पूर्णत: बाहर करने का आह्वान किया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लायेगा। प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन श्री कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने श्री कृष्ण सिंघल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया।

पंजाब केसरी — www.PunjabKesari.com — Thu, 14 July 2022 mpaper.punjabkesar:

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# PUNJAB KESARI

## सिंगल यूज प्लास्टिक को जीवन शैली से बाहर करें छात्रः कुलपति प्रो. तोमर

फरीदाबाद, 13 जुलाई (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छात्रों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे जीवन शैली से पूर्णतः बाहर करने का आह्वान किया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लायेगा।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे.पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने कृष्ण सिंघल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता, दीपक अग्रवाल और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सिंघल ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर लैगरस्ट्रोमिया का पौधा भी लगाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंघल ने शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी और कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है जिन्होंने साबित किया कि पौधों में जीवन होता है। उन्होंने कहा कि मानव जाति और



*विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए कृष्ण सिंघल साथ में कुलपति प्रो. एस.के. तोमर (छायाः एस शर्मा)*

जीवन का अस्तित्व पेड़ों और पौधों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि धरती पर पेड़ों के न होने पर ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जायेगी और जीवन पर संकट आ जायेगा। श्री सिंघल ने कहा कि जब तक काटे गए पेड़ों की संख्या का आकलन करें तो हम पायेंगे कि हमारा लगभग पांच वर्ष का जीवन चक्र पहले ही कम हो गया है। उन्होंने परिवार में प्रत्येक सदस्य द्वारा कम से कम एक पेड़ लगाने की परंपरा शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. तोमर ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए पाठ्यक्रम के दौरान कम से कम पांच पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने को अनिवार्य बनाने की योजना पर काम कर रहा है, जिसमें छात्रों को उनके द्वारा रोपित और विकास पौधे के प्रमाण के रूप में उसकी जियोटैग तस्वीर एक रिपोर्ट के साथ जमा करनी होगी। इस पहल के माध्यम से विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना है, जो समय की मांग है।

### जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

हरियाणा में ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग कोड (ईसीबीसी) और इको निवास संहिता (ईएनएस) को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा) द्वारा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), भारत सरकार तथा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सहयोग से दो दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बालाजी शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक डॉ. जगदीश चैधरी मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. तिलक राज ने की।

डॉ. चैधरी ने अपने संबोधन में भवनों में ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। अंकुर तुलस्यान, निदेशक, ड्रीम स्पेस आर्किटेक्ट्स और श्री मनोज सिंह, सस्टेनेबिलिटी कंसल्टेंट, एईसीओएम दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान विशेष वक्ता रहे।

कार्यशाला के संयोजक एवं ईसीबीसी सेल, हरेडा के सदस्य श्री अब्दुस सलाम आजाद ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला में बताया गया कि ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत देश में ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता शुरू की गई है और यह 100 किलोवाट और उससे अधिक के कनेक्टेड लोड या 120 केवीए और उससे अधिक की अनुबंध मांग वाले सभी वाणिज्यिक भवनों पर लागू है। भवन क्षेत्र अर्थव्यवस्था के सबसे बढ़ते क्षेत्रों में से एक है और इसमें ऊर्जा कुशल भवन डिजाइन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण की काफी संभावनाएं हैं। ऊर्जा संरक्षण उपायों (ईसीएम) को लागू करके एक इमारत में लगभग 40 प्रतिशत ऊर्जा को बचाया जा सकता है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

## PIONEER

# सिंगल यूज प्लास्टिक को जीवन से बाहर करें : प्रो. तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जे.सी.** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में छात्रों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे जीवन शैली से पूर्णत: बाहर करने का आह्वान किया और कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लायेगा।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत सेवा प्रतिष्ठान के चेयरमैन कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को चिह्नित करते हुए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने कृष्ण सिंघल को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमारी, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ रेणुका गुप्ता, दीपक अग्रवाल और डीएसडब्ल्यू कार्यालय एवं वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सिंघल ने विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर लैगरस्ट्रोमिया का पौधा भी लगाया। सिंघल ने शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। कहा कि इस विवि का नाम प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक आचार्य जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है।



**विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए कृष्ण सिंघल, साथ में कुलपति प्रो. एसके तोमर।**

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# DAINIK JAGRAN

## छात्रावास के केयरटेकर ने निगला जहरीला पदार्थ

जासं, बल्लभगढ़ : जेसी बोस वाइएमसीए तकनीकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्रावास के केयरटेकर ने मानसिक रूप से परेशान होने के कारण जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना सेक्टर-आठ पुलिस प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रावास का अनिल केयरटेकर है। वह मंगलवार की रात को 10 बजे से सुबह छह बजे तक ड्यूटी पर आया था। रात को वह छात्रावास में ड्यूटी पर मौजूद था। तभी उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी।

अनिल को विश्वविद्यालय का स्टाफ अस्पताल ले गया। वह फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है। बताया गया है कि वह कई दिन से मानसिक रूप से परेशान था। असल कारण क्या है, ये जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## हॉस्टल के केयरटेकर ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

**एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के बॉयज हॉस्टल के केयरटेकर ने मंगलवार रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। केयरटेकर को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सेक्टर-7 थाना पुलिस के अनुसार जेसी बोस यूनिवर्सिटी के बॉयज हॉस्टल का केयरटेकर अनिल कई दिन से परेशान था।

मंगलवार रात वह 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ड्यूटी पर आया था। रात में वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में ड्यूटी पर मौजूद था। तभी उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। अनिल को वहां से अस्पताल में भेजा गया। सेक्टर-7 पुलिस चौकी इंचार्ज अश्विनी शर्मा ने बताया कि केयरटेकर अभी अस्पताल में उपचाराधीन है। बयान होने के बाद कुछ पता चल सकेगा।

**NEWS CLIPPING:14.07.2022**

# HINDUSTAN

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरूक किया

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने गुरु पूर्णिमा के मौके पर छात्रों से एक बार प्रयोग होने वाली प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) का उपयोग न करने का आह्मान किया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति सिंगल यूज प्लास्टिक पर निर्भरता को खत्म कर दें तो यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव होगा।